SUNDAY | 21.03.2021

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

PAGE NO 10 : TOP

49वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप

इंडियन रेलवे और हिमाचल प्रदेश के बीच फाइनल आज

शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल और सेमी फाइनल के मुकाबले, स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोपहर तीन बजे खिताब के लिए भिड़ेंगी दोनों टीमें

अमर उजाला ब्यूरो

एसआरएमएस में महिला नेशनल हैंडबाल चैंपियनशिप के एक मैच में जीत के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी।

बरेली। राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और सेमी फाइनल के मुकाबले शनिवार को एसआरएमएस के खेल मैदान में खेले गए। प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर इंडियन रेलवे और हिमाचल प्रदेश की टीम ने फाइनल का रास्ता बना लिया है। रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोनों टीमें में चैंपियनशिप के खिताब के लिए भिड़ंत होगी।

शनिवार को पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला इंडियन रेलवे और बिहार के बीच खेला गया। इंडियन रेलवे ने 10 के मुकाबले 25 गोल से बिहार को मात दी। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। यूपी ने 24 के मुकाबले 27 गोल दागकर सेमी फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। वहीं, हरियाणा पंजाब के बीच भी टक्कर कड़ी रही। हरियाणा की खिलाड़ियों ने 25 गोल के बदले 29 गोल कर पंजाब को बाहर का रास्ता दिखा दिया। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच एक तरफा रहा। इसमें हिमाचल प्रदेश टीम ने राजस्थान की टीम को 19 के स्कोर पर रोककर 47 गोल दागकर मुकाबले से बाहर कर दिया।

सेमीफाइनल के मुकाबले में इंडियन रेलवे ने यूपी को हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। दूसरा सेमी फाइनल हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के बीच खेला गया। इसमें हिमाचल प्रदेश ने अपनी जीत के सिलसिले को बरकरार रखते हुए चौथी बार फाइनल में जगह बनाई। मीडिया प्रभारी मारूफ रजा जैदी ने बताया फाइनल मैच रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर अरुण कुमार और पत्नी बबिता कुमारी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। एसआरएमएस की ओर से आदित्य मूर्ति ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, यूपी हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एसएम बोबडे, राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. आनंदेश्वर पांडेय मौजूद रहे।